TRICITY TODAY

Hapur News : ब्रांडेड कंपनी के नाम से बनाई जा रही थी नकली दही, बड़ा खुलासा

Hapur News : गौतमबुद्धनगर के इंटेलीजेंस ऑफिसर और पुलिस टीम ने नकली दही बनाकर मार्केट में सप्लाई करने के मामले का खुलासा किया है। ये लोग नामी कंपनी मधुसूदन के नाम का इस्तेमाल करते हुए नकली दही बेचते थे। पुलिस ने भारी मात्रा में नकली दही जब्त की है। मौके से काफी मात्रा में बनी दही, मटेरियल और नकली दही बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले सामान को बरामद किया है। क्या है पूरा मामला नोएडा के सेक्टर-15 निवासी इंटेलीजेंस ऑफिसर मार्केटिंग जितेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि सिंभावली की सैफी कॉलोनी में कुछ लोग एक मकान में अवैध रूप से डेयरी का संचालन कर मधुसूदन डेयरी के नाम पर दही समेत अन्य प्रोडक्ट तैयार कर रहे हैं। उस माल को वे बाजार में बेच रहे हैं। मामले की जानकारी मिलने पर वह सिंभावली थाने पहुंचे और पुलिस के सहयोग से बताए गए स्थान पर दबिश दी। दबिश के दौरान पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे। पुलिस ने मौके से मधुसूदन डेयरी के नाम से बनी दही, उनके नाम के जार, अन्य उपकरण बरामद किए। इस दौरान मौके से पुलिस ने मेरठ जिले के खरखौदा निवासी अनस, सैफी कॉलोनी निवासी दिलनवाज और गुल मोहम्मद को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा दो आरोपी फरार हो गए। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। क्षेत्र में हो रही थी सप्लाई पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में बताया कि नकली लेबल वाली दही को गांव देहात क्षेत्रों में सप्लाई की जा रही थी। दुकान संचालक इन्हें सस्ते दाम पर लेकर लोगों को महंगे दाम पर बेचते हैं। फैक्टरी संचालक नकली टैग को लगाकर संचालकों तक बेचने के लिए सेल्समैन की मदद लेते थे। पुलिस माल के खरीदारों की भी तलाश कर रही है।

Source: https://tricitytoday.com/hapur/hapur-police-arrested-accused-who-were-making-fake-curd-in-name-of-branded-company-51093.html